NNI
हर खबर पर पक्की नजर
आज की खबर आज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष : 05, अंक-192, पृष्ठ : 12 शनिवार, 12 सितम्बर, 2026, मूल्य-05 रूपये मात्र

ब्रिक्स समिट 2026: समुद्री सुरक्षा, ग्लोबल साउथ और यूएनएससी में सुधार

नई दिल्ली। दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आगाज हो गया है। इस सम्मेलन की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के साथ हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने पिछले 20 वर्षों में ब्रिक्स की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि अब संगठन को अपनी एकता और सहमति को वैश्विक मंच पर ठोस नतीजों में बदलने का समय आ गया है। उन्होंने अगले 20 वर्षों के लिए महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने और ग्लोबल गवर्नेंस में सुधार की जरूरत पर भी जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान रेजिलियंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन और सस्टेनेबिलिटी भारत की प्राथमिकताएं रही हैं। कोशिश की गई कि ब्रिक्स सहयोग को केवल सरकारों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे आम लोगों से भी जोड़ा जाए। इसी उद्देश्य से 350 से ज्यादा बैठकों का आयोजन किया गया और करीब 30 शहरों में सदस्य देशों की टीमों का स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स की अध्यक्षता में सहयोग देने के लिए सभी सदस्य देशों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस साल का शिखर सम्मेलन ऐतिहासिक है, क्योंकि ब्रिक्स अपनी 20वीं वर्षगांठ मना रहा है।

रुड़की: खतरे से एक घंटे पहले मिलेगा अलर्ट



रुड़की। केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई), रुड़की चमोली जिले के वसुंधरा ताल में अत्याधुनिक अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित करेगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इससे पहले सीबीआरआई द्वारा विकसित इस स्वदेशी तकनीक को मनाली में स्थापित किया गया था, जहां से पिछले करीब एक वर्ष से लगातार डेटा प्राप्त हो रहा है। अब इसी तकनीक को वसुंधरा ताल में लगाया जाएगा। वैज्ञानिकों का लक्ष्य है कि किसी भी संभावित खतरे की स्थिति में यह प्रणाली करीब एक घंटे पहले अलर्ट जारी करने में सक्षम होगी। उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मौजूद हिमनद झीलों से उत्पन्न होने वाले संभावित खतरों को देखते हुए राज्य सरकार और सीबीआरआई मिलकर ग्लोफ मॉनिटरिंग एंड अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित कर रहे हैं।

असम के सोनितपुर में कार और ट्रक की टक्कर

पांच लोगों की मौत

तेजपुर। असम के सोनितपुर जिले में हुए एक्सीडेंट में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शनिवार को असम के सोनितपुर जिले में कार और ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह हादसा रंगापारा पुलिस स्टेशन इलाके के बालीपारा में एक पेट्रोल पंप के पास हुआ। उन्होंने बताया कि कार की टक्कर सामने से आ रहे कमर्शियल वाहन (ट्रक) से हो गई। उन्होंने कहा, इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वाले सभी लोग कार में सवार थे। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान हर गोबिंदा हजोअरी, नयन स्वर्गियारी, पप्पू बोरा, प्रांजल बनिया और संजय मेच के तौर पर हुई है। ये सभी जिले के घोरामारी बाटाबारी इलाके के रहने वाले थे। उन्होंने आगे बताया कि हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से भाग गया।


सांकेतिक चित्र

बांग्लादेश में हिंदू पत्रकार की संदिग्ध मौत

ढाका। बांग्लादेश के प्रमुख दैनिक अखबार 'समकाल' के न्यूजरूम में एक वरिष्ठ हिंदू पत्रकार का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। बरिसल जिले में स्थित अखबार के ब्यूरो कार्यालय में हुई इस घटना ने देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। शुक्रवार शाम को 'समकाल' के बरिसल ब्यूरो चीफ रहे 57 वर्षीय पुलक चटर्जी का शव दफ्तर के अंदर फंदे से लटकता पाया गया। घटना की पुष्टि करते हुए बरिसल कोतवाली मॉडल पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी अल मामून-उल इस्लाम ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मौत की असली वजह का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। वहीं, बांग्लादेशी अखबार 'ढाका ट्रिब्यून' ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से लिखा है कि चटर्जी को करीब तीन साल पहले 'समकाल' अखबार से हटा दिया गया था। वह बरिसल प्रेस क्लब के महासचिव पद पर भी रह चुके थे और इससे पहले उन्होंने कई वर्षों तक एक अन्य अखबार 'जुगांतर' के साथ काम किया था। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटी हैं।

- धमाके के साथ फट गया सिलिंडर
- अधिकारियों के अनुसार एक के घायल होने की सूचना



रेलवे के ट्रैक मेटिंनेस कोच में लगी भीषण आग

फिरोजाबाद। शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन के मालगोदाम उस समय अफरा-तफरी का माहौल हो गया जब पास खड़े ट्रैक मेटिंनेस कोच में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगी। इस घटना से रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर आकर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया । शनिवार को शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन के समीप बने मालगोदाम के पास सुबह दोपहर एक बजे करीब यह घटना घटित हुई। मालगोदाम के पास शंटिंग लाइन पर ट्रैक मेंटेनेंस के लिए कई कोच खड़े हुए थे। जिनमें रखी हुई मशीन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की तेज लपटें ऊपर उठने लगी। दोपहर 1:25 पर कोच के अंदर सिलिंडर फटने से तेज धमाके की आवाज हुई। सिलिंडर फटते ही राहत एवं आग बुझाने के कार्य में जुटे पुलिसकर्मी और रेलवे स्टाफ एवं अन्य लोगों में भगदड़ मच गई। सभी लोग अपनी जान बचाकर मौके से भाग निकले। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम ड्डी मौके पर पहुंच गई। जिसने आग बुझाने का काम शुरू कर दिया है। प्रयागराज डिवीजन के रेलवे अधिकारी पल पल की जानकारी ले रहे हैं। मौके पर पुलिस प्रशासन की टीम भी मौजूद है। अब तक फायर ब्रिगेड की तीन टीमें मौके पर आ चुकी हैं। इस घटना में सिलिंडर फटने से एक व्यक्ति के घायल होने की भी पुष्टि हुई है।

